मार्च २०२६

# अक्रम एक्सप्रेस



# स्वीकार करें...

## संपादकीय

बालमित्रों,

मान लो कि खेलते समय आपसे मम्मी का पसंदीदा फ्लावर पॉट टूट गया। मम्मी पूछें तो आप दो तरह के जवाब दे सकते हो - 'सॉरी मम्मी, मुझसे टूट गया। मैं साफ कर देता हूँ।' या 'मैंने कुछ नहीं किया। वह तो हवा से गिरकर टूट गया।' इन दोनों में से आप कौनसा जवाब देना पसंद करोगे? आपको क्या लगता है कि मम्मी को कौनसा जवाब पसंद आएगा? पहला! क्योंकि बहाने बनाना तो कमज़ोरी है। जो वास्तव में गलती सुधारकर शक्तिशाली बनना चाहते हैं, उन्हें अपनी गलती स्वीकार करके माफी माँग लेनी चाहिए।

इस अंक में ज्ञानी से यह समझ प्राप्त करेंगे कि गलती स्वीकार करने में क्या फायदा है और बहाने बनाने में क्या नुकसान है। सैम को कौनसी सुपर पावर मिली और बहाने बनाने के कारण मियू के साथ क्या हुआ? तो चलो, बहाने बनाना बंद करें। लेकिन इस बहाने आलू-चिली की कहानी में आगे क्या हुआ यह पढ़ना मत भूलना।

- डिम्पल मेहता

अक्रम एक्सप्रेस

March, 2026
Year 13, Issue : 12
Conti. Issue No.: 156
Published Monthly

संपर्क सूत्र
बालविज्ञान विभाग
त्रिमंदिर संकुल, सीमंधर सिटी,
अहमदाबाद - कलोल हाइवे,
मु.पो. - अडालज,
जिला. गांधीनगर - ३८२४२१, गुजरात
फोनः ९३२८६६११६६/७७
Email: akramexpress@dadabhagwan.org
Website: kids.dadabhagwan.org

Editor: Dimple Mehta
Published by Mahavideh Foundation
Simandhar City, Adalaj - 382421.
Taluka & Dist.- Gandhinagar.

© 2026, Dada Bhagwan Foundation
All Rights Reserved

Price Per Copy: NIL

# ज्ञानी कहते हैं...

अगर आप अपनी गलती ऐक्सेप्ट करते हो, तो पेरेन्ट्स को दुःख कम होगा। उन्हें ज्यादा दुःख कब होता है? इस बात का उन्हें दुःख नहीं होता कि आप गलती करते हो, लेकिन आप गलती ऐक्सेप्ट नहीं करते और उनके सामने रिऐक्ट करते हो तो उन्हें ज्यादा दुःख होता है। खुद की गलती अगर ऐक्सेप्ट कर लेते हो और सॉरी कह देते हो तो वे शांत हो जाते हैं। लेकिन हमें अपनी गलती नहीं लगती, दिखाई नहीं देती, उन्हीं की गलती दिखती है।

आपके व्यू पॉइन्ट से यह सही है और उनके व्यू पॉइन्ट से सही नहीं है, बस इसलिए गड़बड़ हो जाती है। आपको यह समझ लेना चाहिए कि आपकी बात उनके व्यू पॉइन्ट में फिट नहीं बैठ रही, तो वहाँ थोड़ी देर के लिए ब्रेक लगा देनी चाहिए। वहाँ तुरंत सही-गलत साबित करने और आर्ग्युमेन्ट करने का कोई मतलब नहीं है।

**खुद की गलती अगर ऐक्सेप्ट कर लेते**

इससे ही सबकुछ बिगड़ जाता है। कुछ देर बाद शांति से कहना कि 'आपने यह कहा, मैंने सोचा, लेकिन मेरे व्यू पॉइन्ट से ऐसा लगता है। आप भी मेरे व्यू पॉइन्ट से सोच कर देखना।'

**प्रश्नकर्ता :** कभी-कभी मुझे पता होता है कि मुझसे गलती हो गई है। लेकिन जब मम्मी पूछती हैं तो कभी-कभी मैं झूठ बोल देता हूँ। तो उसका उपाय क्या है?

**पूज्यश्री :** आपको खुलकर बता देना चाहिए। मम्मी से कह देना चाहिए, 'मम्मी, मुझसे यह गलती हो गई है।' फिर मम्मी समझाएँगी या गलती सुधार देंगी। आप शुद्ध हो जाओगे। इसलिए, झूठ नहीं बोलना चाहिए। इससे गलती बढ़ती जाती है और फिर बहुत नुकसान होता है। इसके बजाय, जब आपसे गलत काम हो जाए तो पहले जा कर खुलकर बता देना तो आप शुद्ध हो जाओगे। आप गलतियों से मुक्त हो जाओगे।




मियू
मियू कहाँ है? कल उसने प्रॉमिस किया था कि वो टाइम पर आ जाएगी।
मोती ने अकेले ही सारे गाजर और बीट साफ कर लिए थे। तभी उसे आवाज़ सुनाई दी...
मैं आ गई... अरे, तुमने सारा काम निपटा भी दिया। कल रात मुझे सोने में देर हो गई। और सुबह मेरी आँख ही नहीं खुली। और फिर जब मैं आ रही थी, तो रास्ते में मुझे खिसू मिल गई।


मियू, तुम्हारे बहाने नहीं सुनने हैं। कभी तुम्हारा अलार्म नहीं बजता, कभी तुम लेट सोती हो, कभी घास में फँस जाती हो। तुम्हारे पास रोज़ कोई न कोई बहाना होता है।
ये बहाने नहीं हैं। मैं सच ही कह रही हूँ।
मियू, सच तो यह है कि तुम्हें कभी अपनी गलती पता ही नहीं चलती। और तुम कभी सॉरी फील नहीं करती। सिर्फ काम करने ही नहीं, बल्कि गेम्स खेलने और नाश्ता करने भी लेट आती हो। तुम्हारी वजह से ही सब परेशान होते हैं। तुम्हें पता है?!




और मियू चली गई। कुछ ही दिन पहले आन्टी मुर्गी ने एक बड़ी घोषणा की थी। उनके फार्म पर एक टैलेन्ट शो होने वाला था। टैलेन्ट शो में जो सिलेक्ट होगा उसे जंगल के वार्षिक मेले में परफॉर्म करने का चान्स मिलेगा।



और बस, उसी दिन से मियू डान्स प्रैक्टिस करने लगी। जब वह छोटी सी बच्ची थी, तभी से उसने स्टेज पर डान्स करने का सपना देखा था।






एक बड़ा सा स्टेज, मेरे ऊपर स्पॉट लाइट, पिंक और ब्लू कलर का फ्रॉक और जंगल के सभी जानवर ऑडियन्स में बैठे हैं!



मियू ने अपने डान्स स्टेप्स की इतनी बार प्रैक्टिस की थी कि अगर कोई नींद से जगाकर भी डान्स करने को कहे तो वह आराम से कर सकती थी।




आखिरकार, वह दिन आ गया। तय समय पर टैलेन्ट शो शुरू हुआ। मिज़ोमा जंगल से मूझी गाय टैलेन्ट शो की जज बनकर आई थी। बेला ने बहुत सुरीला गाना गाया। मोती ने चार बिस्किट हवा में इस तरह उछालकर घुमाए कि एक भी बिस्किट ज़मीन पर नहीं गिरा। हेनरी ने पैरों की एड़ियों पर बहुत सुंदर डान्स किया।

बस अब मियू की बारी थी। जब मियू आई, तब सब कुछ शांत था। लाइटें बंद हो गई थीं। स्टेज खाली था। जब वह बाहर निकली, तो दिवार पर लगा एक बड़ा सा पोस्टर पढ़ा और उसकी आँखों से टप-टप आँसू गिरने लगे।






पोस्टर पर लिखा था - बेला, द विनर। सालों से मियू ने स्टेज पर डान्स करने का सपना देखा था। उसने पाँच-सौ बार डान्स की प्रैक्टिस की थी। उसने रोते हुए आन्टी मुर्गी से विनती की,

‘आन्टी, मुझे तो चान्स ही नहीं मिला! प्लीज़, प्लीज़, प्लीज़... एक चान्स दीजिए! मैं टाइम पर ही आने वाली थी, लेकिन...’

मियू, तुम कब स्वीकार करोगी कि तुमसे गलती होती है? मूझी गाय को ट्रेन पकड़नी थी। अगर वह तुम्हारी राह देखने बैठती, तो ट्रेन छूट जाती। गलती यह नहीं है कि तुम देर से आई। गलती तो सबसे होती है। लेकिन तुम कभी अपनी गलती मानती ही नहीं हो। इसलिए तुम्हारी गलती सुधरती नहीं।




मियू, डान्स करने के लिए स्टेप्स सीखने पड़ते हैं न? ठीक उसी तरह गलतियों को सुधारने के लिए भी स्टेप्स सीखने पड़ते हैं। और फर्स्ट स्टेप यह है कि पहले मानना पड़ता है कि हर जगह देर से पहुँचना गलत है और यह तय करना पड़ता है कि मुझे देर से नहीं पहुँचना है।
देर से पहुँचने की वजह से आज तुम्हारा ही नुकसान हुआ न? तुम्हारी इस आदत से सब परेशान होते हैं।
आन्टी, मैं तय करूँ कि मुझे देर नहीं करनी है, फिर भी मुझसे देर हो गई तो?

तो तुरन्त ही 'सॉरी' कह देना। और अगर कोई तुम्हें देर से आने के लिए डाँटे, तो कभी बहाने मत बनाना। देखना, इन स्टेप्स को फॉलो करोगी तो धीरे-धीरे तुम कभी लेट नहीं होगी और एक दिन स्टेज पर डान्स करने का तुम्हारा सपना ज़रूर पूरा होगा।




मियू ने पूरे साल इन स्टेप्स को फॉलो किया। वह कई बार लेट तो हो जाती है, पर अब वह बहाने नहीं बनाती और सही कारण बता देती है। यह तो पता नहीं कि मियू ने अपना सपना पूरा किया कि नहीं, लेकिन इतना पता है कि अब अगर मियू कभी लेट हो जाती है तो उसके फ्रेन्ड्स उससे परेशान होने की बजाय उसकी हेल्प करते हैं।



# यह तो नई ही बात है!


गलती को गलती न मानना और उसका बचाव करना, इसलिए गलती दूर नहीं होती।
तुम अपने भाई पर इतना गुस्सा क्यों करती हो?
उसने काम ऐसा किया है तो गुस्सा ही करूँगी न!


ओहो, यह तो मुझे संभाल रही है। मेरा रक्षण कर रही है। मैं यहाँ आराम से रहूँगा।
जब मुझे गुस्सा आता है तो मैं कहती हूँ कि गुस्सा करना गलत है। गलती हो गई। माफी माँगती हूँ।
अरे, भागो-भागो... ये तो मुझे संभालती नहीं हैं।



# सैम द सुपर हीरो

पावरविल शहर में हर किसी के पास एक सुपर पावर थी। हर किसी के पास, यानी लगभग हर किसी के पास। जब बच्चे की उम्र साढ़े सात साल की हो जाती है, तब उसे अपनी सुपर पावर मिल जाती है। उस जादुई दिन पर, शहर के बीचों-बीच स्थित 'पावर प्रिज़्म टावर' से एक चमकती हुई सुनहरी किरण निकलती है और एक झटके में बच्चे को अपनी सुपर पावर मिल जाती है! उस दिन पूरा शहर पावर प्रिज़्म टावर के पास इकट्ठा होता है। बच्चे को सुपर पावर मिलती है इसलिए सभी साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं।



सुपर पावर यानी किस-किस तरह की? कोई बच्चा उड़ना सीख जाता है, तो कोई जानवरों के साथ उनकी ही भाषा में बात कर सकता है। अरे, इतना ही नहीं, पता है, लुसी के पास कैसी सुपर पावर है? अगर लुसी का कोई भी फ्रेन्ड नापसंद नाश्ता लाया हो तो लुसी उस नाश्ते को चॉकलेट केक में बदल सकती है। इसलिए ही तो रोज़ रिसेस में लुसी के आसपास भीड़ इकट्ठा हो जाती है।

सैम की उम्र सात साल, चार महीने और पंद्रह दिन है। यानि सैम के लिए वह दिन ज्यादा दूर नहीं था। पावरविल के सुपर हीरोज़ उसकी सुपर पावर को जानने के लिए उससे भी अधिक उत्सुक थे। वजह यही कि अगर सैम को सुपर पावर मिल जाए तो फिर शहर में होने वाली दुर्घटनाएँ भी कम हो जाएँ। वह कैसे? क्योंकि सैम जहाँ भी होता है, वहाँ कोई न कोई दुर्घटना घट ही जाती है!

कुछ ही दिनों पहले की बात है। ड्रॉइंग क्लास में सैम से मिस रीमा की साड़ी पर रंग गिर गया। पूरी क्लास घबरा गई। पिछले साल जब



किसी ने मिस रीमा की साड़ी पर मूंछें बनाई थी तो पूरी क्लास को सज़ा मिली थी। क्योंकि किसी ने अपनी गलती नहीं स्वीकारी थी।

उस दिन भी मिस रीमा को पता नहीं था कि किससे रंग गिरा है। लेकिन सैम ने तुरंत ही माफी माँग ली, 'सॉरी, मैडम। मुझसे गलती हो गई।'

मिस रीमा ने हँसते हुए कहा, 'आगे से ध्यान रखना, सैम। मैं



खुश हूँ कि तुमने अपनी गलती स्वीकार कर ली।' और सैम को कोई सज़ा नहीं मिली।

एक दिन सैम अपने डैडी के ऑफिस गया था। उसके डैडी यानी कि पावरविल शहर के एक बड़े पुलिस ऑफिसर। सैम तो बस पानी पीने जा रहा था और अचानक ज़ोर-ज़ोर से साइरन बजने लगा।



वीवुंवीवुंवीवुं... पूरा शहर घबरा गया।

सैम ने धीरे से कहा, 'सॉरी, डैडी। मैं गलती से टकरा गया और बटन प्रेस हो गया।' डैडी ने सैम के सिर पर हल्की चपत लगाई और स्पीकर पर अनाउंस किया। 'कोई इमरजन्सी नहीं है। वह तो सैम ऑफिस आया है।' और पूरा शहर हँस पड़ा।

बस, उसकी यही खासियत थी कि वह हमेशा अपनी गलती स्वीकार कर लेता था। वह कभी कोई बहाना नहीं बनाता था कि 'मैंने नहीं किया, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, उसने कहा इसलिए मैंने किया,' वगैरह-वगैरह। और इसीलिए ही सैम सबका प्रिय था। हं... सबका? नहीं-नहीं, सबका नहीं। जूनो और उसके फ्रेन्ड्स की टोली कई बार सैम की इस आदत का मजाक उड़ाती। 'सैम बहुत कमज़ोर है। इसलिए तुरंत माफी माँग लेता है। अगर उसके पास हमारे जैसी पावर होती तो वह इतनी आसानी से अपनी गलतियाँ नहीं स्वीकारता।'

लेकिन सैम को जूनो की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता था। उसे तो मिस रीमा की बात याद थी कि "अपनी गलती स्वीकार करके 'सॉरी' कहने से धीरे-धीरे गलती भाग जाती है। लेकिन अगर 'मैंने गलती नहीं की' ऐसा कहकर गलती को संभाल कर रखेंगे तो गलती को हमारे साथ रहने में मज़ा आ जाता है!"

आखिरकार, वह दिन आ गया, जिसका इंतज़ार पूरा पावरविल शहर कर रहा था। सैम अपने मम्मी-डैडी के साथ पावर प्रिज़्म टावर के



पास खड़ा था। सैम की आँखें चमक रही थीं। और चेहरे पर इतनी बड़ी स्माइल थी कि पूछो मत। पूरा शहर वहाँ पर इकट्ठा हुआ था।

पावर प्रिज़्म टावर में से एक चमकती हुई सुनहरी किरण बाहर निकली। सभी उत्सुक थे। क्या होगा? सैम को कौनसी सुपर पावर मिलेगी? क्या वह उड़ पाएगा? या लेज़र शूट करेगा? डॉल्फिन्स के साथ बातें करेगा? उससे होने वाली दुर्घटनाएँ कैसे रूकेंगी? चमकती हुई सुनहरी किरण और भी चमकने लगी। चारों ओर इतनी तेज़ चमक फैल गई कि दो पल के लिए तो किसी को कुछ दिखाई ही नहीं दिया।

और फिर अचानक... पुफ...

किरण गायब। चमक भी गायब!!

सैम ने दो-तीन बार आँखें बंद करके खोलीं, 'क्या हुआ? मुझे छींक आई और किरण गायब हो गई?'

शहर के सभी लोग दंग रह गए। आपस में कानाफुसी करने लगे।





पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था।

और तभी एक रंगबिरंगी फिरकी उड़ती हुई प्रिज़्म टावर के पास आकर रुक गई। फिरकी पर लिपटा हुआ सिल्वर रंग का पेपर धीरे-धीरे नीचे उतरा।

पेपर पर बड़े-बड़े सुंदर लाल अक्षरों में लिखा था, 'सैम के पास पहले से ही एक सुपर पावर है।'

'तो क्या मुझे कोई सुपर पावर नहीं मिलेगी?' सैम की आवाज़ ऐसी थी मानों वो अभी रो पड़ेगा।

सैम के प्रश्न का कोई जवाब नहीं मिला। सैम उलझन में पड़ गया। किसी को कुछ समझ में नहीं आया। उस दिन उत्सव मनाने का कोई कारण ही नहीं था। इसलिए सब अपने-अपने घर चले गए। उस दिन






के बाद से तरह-तरह की अनोखी घटनाएँ होने लगीं।

एक दिन सैम की फ्रेन्ड कायरा पावरडैश गेम में हार गई। वह बहुत दुःखी थी। सैम ने उसे बस इतना ही कहा, 'क्या रीबॉट रोली ने अपने सारे गेम जीते हैं? फिर भी चैम्पियन ही है न! आज हार गई हो, तो कल जीत जाओगी। इसमें दुःखी होने की क्या बात है?' और कायरा का सारा दुःख गायब हो गया।

एक दिन लुसी से ऐसी गलती हो गई कि सुपर पावर से चॉकलेट केक बनाने के बजाय चॉकलेट सॉस बन गया। वह बहुत निराश हो गई। सैम ने बस इतना ही कहा, 'अरे, गलती हो जाना वह गलती



नहीं है। गलती का एहसास नहीं होना वह गलती है। अगर तुम ऐसा कहोगी कि तुम्हारी कोई गलती नहीं थी, तो, वह गलती है। चलो, नई डिश, पास्ता इन चॉकलेट सॉस बनाते हैं।' और बस, लुसी एकदम खुश हो गई।

और इस तरह, सैम के शब्द सबको खुश कर देते थे। दिन बीतते गए। बच्चों को अपनी-अपनी सुपर पावर्स मिलती रहीं। लेकिन, प्रिज़्म टावर को सैम की  सुपर पावर की घोषणा करने की ज़रूरत नहीं थी। पावरविल में अब सभी को पता चल गया था कि सैम के पास अपने शब्दों से निराश चेहरों पर स्माइल लाने और उदास दिलों को खुश करने की सुपर पावर आ गई थी।



लेकिन यह सुपर पावर सैम को कैसे मिली? उसका रहस्य सिर्फ मिस रीमा को पता था। आपको क्या लगता है, सैम के पास ऐसी सुपर पावर कैसे आई होगी?

**हमें इस नंबर ९३१३६६५५६२ पर बताएँ।**




अब तक की आलू-चिली की कहानियाँ एक साथ पढ़ने के लिए...
**Click Here : https://dbf.adalaj.org/TdY6ZhXI**

आलू के साथ फ्रेन्ड्शिप तोड़कर चिली आलू के ही घर झगड़ा करने गया और इंतज़ार करते हुए सो गया। आलू ने उसे जगाया। सिंगिंग कॉम्पिटिशन की बात याद आने पर फिर से चिली का शरीर जलने लगा। उसने आलू से कुछ करने को कहा ताकि उसके शरीर में जलन बंद हो जाए। देखते हैं आगे चिली क्या कहता है।

मैं गोल-गोल उड़ रहा था, तभी आलू ने अपनी मोटी सूंड़ ऊपर ऊठा ली। मेरा पेट उसकी सूंड से टकराया। मेरे पेट के सारे लड्डू गोल-गोल घूम गए। उसने मुझे पकड़कर खिड़की में बिठा दिया। और मुझसे कहा, 'तुम सिंगिंग क्यों करते हो? तुम मेरी तरह स्केटिंग करो न! मुझे लगता है कि तुम एक बेस्ट स्केटर बनोगे और सारी कॉम्पिटिशन जीतोगे!' मैं सोच में पड़ गया कि यह आलू को क्या हो गया है? मैंने उससे कहा, 'मुझे स्केटिंग नहीं करनी।' तो मुझसे कहने लगा, 'प्रॉमिस, मैं हमेशा तुम्हें फर्स्ट आने दूँगा। तुम वर्ल्ड के बेस्ट स्केटर बन जाओगे।' ये आलू कैसी बातें कर रहा है? मैं चिढ़ गया, 'मुझे स्केटिंग नहीं करनी। मुझे स्केटिंग पसंद भी नहीं है और मैं स्केटिंग कैसे कर पाऊँगा? अगर करने जाऊँगा तो मेरे पंखों की वजह से मैं उड़ जाऊँगा। वर्ल्ड का बेस्ट स्केटर हो या जंगल का बेस्ट स्केटर हो, मुझे स्केटर ही नहीं बनना है! तुम कैसी बात कर रहे हो।'



और फिर मेरी बात सुने बिना ही वह कहने लगा, 'चिली, तुम्हें याद है, जब तुमने हमारा फ्रेन्ड्शिप सॉन्ग बनाया था और मुझे पहाड़ पर ले जाकर सुनाया था?' मैं उलझन में पड़ गया कि आलू अभी यह बात क्यों कर रहा है? उसने मुझसे पूछा, 'क्या तुम्हें याद नहीं? अरे, सामने वाले पहाड़ से तुम्हारे सॉन्ग की गूँज सुनकर मुझे तो बहुत मज़ा आ गया था!'

यह सुनते ही मुझे वह दिन याद आ गया। मैंने आलू के लिए वह सॉन्ग बनाया था और उसके बर्थ-डे पर उसे सुनाया था। आलू इतना खुश हो गया था कि उसने मेरे सॉन्ग पर डॉन्स करने की कोशिश की थी! वह बात याद करके मुझे हँसी आ गई।



तभी आलू ने कहा, 'लेकिन उस समय तुम्हें सिंगिंग करना बिल्कुल पसंद नहीं आया होगा न?' मैंने पूछा, 'क्यों? मुझे तो सिंगिंग करने में बहुत मज़ा आया था।' तो मुझसे कहने लगा, 'वहाँ तो कोई तुम्हें सुनने भी नहीं आया था, मैंने तुम्हें कोई प्राइज़ भी नहीं दिया था, तुम्हें मज़ा क्यों आया?' यह कैसी बात कर रहा है, मैंने उसे तुरंत जवाब दिया, 'मैं थोड़ी न लोगों को सुनाने के लिए गाता हूँ। मुझे तो वैसे भी गाना पसंद है। और तुम क्यों मुझे प्राइज़ दोगे, तुम्हें मेरा सॉन्ग सुनकर मज़ा आया वही मेरे लिए सबसे बड़ा प्राइज़ था।'











आलू एकदम सिरियस हो गया और मुझसे कहने लगा, 'तो चिली, तुम इतनी सिम्पल बात कैसे भूल गए कि तुम्हें गाने में मज़ा आता है, जीतने में नहीं। मेरे साथ हो या अकेले हो, उड़ रहे हो, सिंगिंग कॉम्पिटिशन हो या चिली शेक पी रहे हो, तुम्हें तो गाने में ही मज़ा आता है। तुम इसलिए नहीं गाते क्योंकि तुम एक बेस्ट सिंगर बनना चाहते हो, बल्कि इसलिए गाते हो क्योंकि तुम्हें गाना पसंद है! अगर बेस्ट ही बनना हो तो तुम स्केटिंग, डॉन्सिग या कुछ और भी कर सकते हो न। लेकिन तुम सिंगिंग सिलेक्ट करते हो क्योंकि तुम्हें सिंगिंग पसंद है।'

**आलू, चिली को क्या समझाना चाहता है? क्या सच में फर्स्ट आने से ज्यादा चिली के लिए सिंगिंग करना ज्यादा महत्वपूर्ण है? तो वह हारने पर इतना दु:खी क्यों हो गया?**

# चलो खेलें...

तितली को फूल तक पहुँचने के लिए रास्ता
ढूँढ़ने में मदद करें।



# इसमें आप क्या करोगे?

नीचे दिए गए प्रसंग में अनाया ने हर परिस्थिति में अलग-अलग तरह से रिऐक्ट किया है। प्रसंग पढ़कर, अगर आप अनाया की जगह होते तो नीचे दिए गए प्रश्नों में क्या करते?

'अनाया, अभी तक तुम्हारा साइन्स होमवर्क क्यों नहीं हुआ है?' मम्मी ने अनाया की बुक खोल कर देखा।

'मेरे पास टाइम ही कहाँ था? आपने मुझे दूध लेने भेजा, फिर मेरी म्यूज़िक क्लास थी। और फिर मेरी फ्रेन्ड्स आ गईं। तो मैं क्या करूँ?' अनाया ने कहा।

'उसके बाद भी तुम्हारे पास टाइम था न?' मम्मी ने पूछा।

'नहीं, इसमें मेरी गलती नहीं है। आपको समझ में नहीं आता।' अनाया ने चिढ़कर कहा और बुक लेकर रूम में चली गई।

रात को अनाया हॉट चॉकलेट दूध लेकर सोफे पर बैठी थी। जैसे ही वह थोड़ा हिली



तो थोड़ा सा दूध सोफे पर गिर गया। 'अनाया, तुम्हें कितनी बार कहा है कि सोफे पर दूध लेकर मत बैठो। डाइनिंग टेबल पर बैठो।' पापा ने गुस्से में कहा। अनाया और ज्यादा चिढ़ कर बोली, 'पर इसमें मैं क्या करूँ, मम्मी ने दूध ऊपर तक भर दिया था, इसलिए गिर गया।'



रात को अनाया मम्मी का लैपटॉप लेकर बैठी थी। कुछ करते हुए उससे मम्मी की एक फाइल डिलीट हो गई। मम्मी बहुत गुस्सा हो गई। 'अनाया, बिना पूछे मेरा लैपटॉप क्यों इस्तेमाल कर रही हो?'

'लेकिन आपने ही मुझसे कहा था कि रात को मैं कुछ देर के लिए आपका लैपटॉप इस्तेमाल कर सकती हूँ। कहने के बाद आप ही भूल जाती हो।' अनाया नाराज़ होकर अपने रूम में चली गई।



# अब बताइए, आप अनाया की जगह होते तो...

**जब मम्मी ने पूछा कि होमवर्क क्यों नहीं हुआ है, तब...**

A. रोज तो कर लेती हूँ। सिर्फ एक दिन नहीं हुआ, तो इसमें इतना गुस्सा क्यों हो रही हैं?

B. आप हमेशा सारा काम मुझे ही सौंप देती हैं। इसलिए मुझे होमवर्क करने का टाइम ही नहीं मिलता।

C. मैं भूल गई कि मेरा होमवर्क बाकी है। अभी खत्म कर देती हूँ।

**जब पापा ने पूछा कि डाइनिंग टेबल के बजाय सोफे पर क्यों बैठी हो, तब....**

A. मुझे क्यों कह रहे हैं? मम्मी को कहिए न कि दूध ऊपर तक न भरें।

B. पापा, मुझसे गलती हो गई। अभी साफ कर देती हूँ।

C. पापा, मुझे सोफे पर बैठना अच्छा लगता है। अब से मैं ढक्कनवाला ग्लास लेकर सोफे पर बैठूँगी।

**जब मम्मी उनका लैपटॉप इस्तेमाल करने पर गुस्सा करती हैं, तब...**

A. मुझे नहीं पता कैसे डिलीट हुई। मैंने नहीं की।

B. जानबूझकर डिलीट नहीं की। आप गुस्सा क्यों हो रहे हैं?

C. गलती हो गई। आप मुझे लैपटॉप इस्तेमाल करना सिखाएँगे?



(जवाब : 1-C, 2-B C, 3-C)



# Summer Camp

## बालकों के लिए संस्कार सिंचन शिविर
## वर्ष २०२६

| Center | 4 to 7 Yrs. Date | 4 to 7 Yrs. Contact No. | 8 to 12 Yrs. Date | 8 to 12 Yrs. Contact No. |
|---|---|---|---|---|
| Sim city | 5 April | 9313665562 | 19 April | 9313665562 |
| Ahmedabad | 18, 19 April | 8160628473 | 22, 25 and 26April | 9904427029 |
| Amreli | - | - | 26 April | 9408898792 |
| Anand | - | - | 3 May | 7359529067 |
| Baroda | 19 April | 9712981515 | 26 April | 9998008435 |
| Bharuch | - | - | 26 April | 8320710688 |
| Bhavnagar | 19 April | 9409467181 | 3 May | 9558860259 |
| Bhuj | 19 April | 9429297223 | 26 April | 9537286855 |
| Dhoraji | - | - | 3 May | 8238714972 |
| Gandhidham | - | - | 19 April | 9428310787 |
| Jamnagar | 19 April | 9723147318 | 3 May | 9879551518 |
| Junagath | - | - | 10 May | 8360143009 |
| Mehsana | 12 April | 8469264605 | 26 April | 9427650382 |
| Morbi | 29 March | 9725199144 | 26 April | 9978633035 |
| Mumbai | Borivali & Mulund 11 April Ghatkopar 12 April | 8652890066 | 12 April | 9867989202 |
| Rajkot | 26 April | 8849043362 | 3 May | 7779023726 |
| Surat | 29 March | 9725198454 | 15 March | 9574008498 |
| Veraval | 3 April | 8980483683 | 8 May | 9712191887 |
| Valsad | - | - | 26 April | 9714909994 |


१ समर कैम्प में हिस्सा लेने के लिए आपके नज़दीक के सेन्टर में रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन चार्ज नॉनरिफंडेबल है।

२. बालक की उम्र और कक्षा के आधार पर किए गए वर्गीकरण के अनुसार जो तारिख तय की गई है उस अनुसार रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिस कैम्प के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना है उस कैम्प की तारीख के ५ दिन पहले रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया जाएगा। उसके बाद रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए तत्काल चार्ज लिया जाएगा।

३. सीमंधर सिटी समर कैम्प के लिए रजिस्ट्रेशन त्रिमंदिर संकुल के 'स्टोर ऑफ हैपीनेस' में शाम ५:०० से ६:३० बजे के बीच स्वयं आकर जिस कैम्प के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना है उसके पाँच दिन पहले तक हो पाएगा। यह रजिस्ट्रेशन २२ मार्च से शुरू किया जाएगा।

संपर्क सूत्र : ९३१३६६५५६२

# गुजराती अक्रम एक्सप्रेस अब Audio में भी उपलब्ध... लेकिन कहाँ? चलो, जानें।




**स्टेप-१**

**वेबसाइट खोलें...**

**https://kids.dadabhagwan.org**




**स्टेप-२**

**अक्रम एक्सप्रेस मैगज़ीन गुजराती भाषा में खोलें...**




**स्टेप-३**

**मैगज़ीन के फोटो पर क्लिक करें, तो ४ बटन दिखेंगे।**

**स्टेप-४**

**इस बटन से...**



शेयर करें।

डाउनलोड करें।

ऑनलाइन पढ़ें।

ऑडियो प्राप्त करें।